Regarding setting up of heavy industries in Sagar Parliamentary Constituency

डॉ**.** लता वानखेड़े **(**सागर**) :** माननीय सभापति जी, मैं अपने संसदीय क्षेत्र सागर और इससे सटे अन्य संसदीय क्षेत्र के विकास हेतु एक महत्वपूर्ण विषय पर माननीय सदन का ध्यान आकृष्ट करना चाहती हूं।

मध्य प्रदेश हमारे देश के मध्य में स्थित एक ऐसा राज्य है जिसकी भौगोलिक स्थिति न केवल इसे अद्वितीय बनाती है, बल्कि इसे पूरे भारत के लिए एक रणनीति के केंद्र के रूप में स्थापित भी करती है । देश के हर कोने से मध्य प्रदेश तक पहुंच आसान है और यही कारण है कि इसे देश का हृदय स्थल कहा जाता है । अगर हम मध्य प्रदेश में विशेषकर संसदीय क्षेत्र सागर और इसके आसपास अधिक भारी उद्योग जैसे कार निर्माण, इस्पात निर्माण और अन्य निर्माण इकाइयों की स्थापना करेंगे तो यह न केवल इस क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा वरन रोजगार के अवसर सृजित कर प्रतिभा पलायन को रोकने में भी कारगर सिद्ध होगा ।